सं.ए-12025/19/2012-प्रशासन-1
भारत सरकार
योजना आयोग

योजना भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली, दिनांक 18 मई, 2012

सेवा में,

केन्द्र सरकार के सभी विभाग / राज्य सरकारें / संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन / विश्वविद्यालय/ मान्यता प्राप्त अनुसन्धान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठन

**विषयः योजना आयोग में प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर संयुक्त सलाहकार (औद्योगिक अर्थशास्त्र / प्रबंधन) पीबी:4 रूपये 37400-67000 + ग्रेड पे रूपये 8700 /- पर भर्ती ।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योजना आयोग में संयुक्त सलाहकार (औद्योगिक अर्थशास्त्र / प्रबंधन) के एक पद पर संयुक्त पद्धति अर्थात् प्रोन्नति/ प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है। पद हेतु चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा।

2. नियमित आधार पर सदृश पद धारित; अथवा 12000-375-16500 रू0 के वेतनमान वाले पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा अथवा केन्द्र/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसन्धान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों के अन्तर्गत समतुल्य पद धारित अधिकारी या विभागीय उपसलाहकार जिन्होंने ग्रेड में नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो और निम्नलिखित निर्धारित अर्हताएं और अनुभव रखते हों :-

**अनिवार्य :**

(i) विज्ञान/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/गणित/सांख्यिकी/प्रचालन अनुसंधान/कारबार प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समतुल्य से इंजीनियरिंग में उपाधि ।

(ii) बड़ी परियोजनाओं के तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन, मांग, आपूर्ति, मूल्य वृद्धि आदि को कवर करते हुए उनका तकनीकी आर्थिक विश्लेषण,इस प्रकार की परियोजनाओं की मानीटरिंग और मूल्यांकन, उनके लिए सिस्टम माडल विकसित करने सहित औद्योगिक अर्थव्यवस्था/प्रबन्धन में 12 वर्ष का अनुभव

**वांछनीय :**

(i) औद्योगिक अर्थशास्त्र की संगत शाखा में डाक्टर की उपाधि अथवा इंजीनियरिंग में मास्टर की उपाधि ।

(ii) अनुसंधान आयोजित करने/संगठित करने / दिशानिर्देश देने का अनुभव और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों पर अनुसंधान पत्र तैयार करना ।

(iii) औद्योगिक लायसेन्स, विदेशी निवेश और सहयोग, अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से विकसित देशों और मामलों जैसे कि अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष और व्यापार और शुल्क संबंधी सामान्य अनुबंध, आर्थिक समुदाय, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, आदि के संबंध में सिद्धान्तों और नीतियों की जानकारी ।

(iv) तकनीकी आर्थिक अध्ययन अथवा विस्तृत परियोजना रिपोर्टो का अनुभव ।

यदि पद हेतु किसी विभागीय उप सलाहकार का चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाता है तो उस पद को पदोन्नति द्वारा भरा माना जाएगा। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित अन्य उम्मीदवारों के मामले में केवल प्रतिनियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा जो निर्धारित अवधि के लिए पॉच वर्षों से अधिक नहीं होगा।

-/-

3. रिक्ति के ब्यौरे लिंक तथा आवेदन प्रपत्र "**Appointment/Jobs**" के अंतर्गत योजना आयोग के वेबसाइट http://www.planningcommission.gov.in पर उपलब्ध हैं । **इच्छुक उम्मीदवार हमारे वेबसाइट से सर्कुलर तथा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।**

4. मंत्रालयों केन्द्र/राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के विभागों से अनुरोध है कि वे इन रिक्तियों को अपने नियंत्रण के अधीन सभी अधिकारियों तथा अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सार्वजनिक उपक्रमों और मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों के ध्यान में लाएं ।

5. ऐसे पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें चयन की सूचना मिलने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के आवेदन पत्र (पाठ्यक्रम ब्यौरे) संलग्न प्रपत्र (दो प्रतियों ) में उम्मीदवार द्वारा उचित रूप से हस्ताक्षरित तथा कार्यालयाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के हस्ताक्षर सहित, अधोहस्ताक्षरी को भेजें । आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी अग्रेषित करना अपेक्षित है ;-

(i) संवर्ग अनुमति / सुस्पष्ट अनापत्ति ;

(ii) संबंधित उम्मीदवार की पिछले पांच वर्षो की अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर अथवा गोपनीय रिपोर्टों की फोटोप्रतियाँ जो कि एक ऐसे अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित की गई हों जो भारत सरकार के अवर सचिव से कम स्तर का ना हों;

(iii) किसी अधिकारी, जो भारत सरकार के उप सचिव के स्तर से कम न हो, के द्वारा हस्ताक्षर किया गया सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (**संलग्न प्रारूप**) में ।

(iv) सतर्कता प्रमाण पत्र (**संलग्न प्रारूप में**) जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक तथा फौजदारी कार्यवाही न तो लंबित हे और न ही अपेक्षित है, तथा

(v) विगत 10 वर्षो के दौरान उम्मीदवार पर लगाए गए बड़े/ छोटे दंडों की सूची, यदि कोई हो / दंड़ नहीं प्रमाण पत्र (**संलग्न प्रारूप में** )।

**आवेदन प्रपत्र सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र सतर्कता प्रमाण पत्र दंड़ नहीं प्रमाण पत्र हमारे वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं तथा ये सश्री रोजगार समाचार पत्र में भी प्रकाशित होगी ।**
**यह ध्यान रखा जाए की उपर्युक्त दस्तावेजों के बिना आवेदन पत्र पर विचार करना संभव नहीं होगा । यह भी सूचित किया जाता है कि प्रतिनियुक्ति आधार पर पदों की नियुक्ति हेतु चयन समिति द्वारा दस्तावेजों सहित आत्मवृत्त का आकलन किया जाएगा ।**

6. केवल उन्हीं उम्मीदवारों के आवेदन पत्र अग्रेषित किए जाएं जिनके विरूद्ध सर्तकता का कोई मामला न हो । इस रिक्ति को शीघ्र ही रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जा रहा है। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिन तक होगी।**

7. आवेदक यह सुनिश्चत करें कि उनका आवेदन निर्धारित प्रपत्र में हो और सभी प्रकार से पूर्ण हो । प्रपत्र में कोई भी स्थान रिक्त न हो । "लागू नहीं" अथवा "शून्य" सूचना का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। उपर्युक्त पैरा 5 में उल्लिखित सभी दस्तावेजों सहित उचित माध्यम द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक अथवा उससे पहले प्राप्त हुए सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। अंतिग तिथि के पश्यात प्राप्त आवेदनों अथवा निर्धारित प्रपत्र में नहीं होने पर अथवा अधूरे अथवा अग्रिम रूप में भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**भवदीय,**

**(जी0 राजीव)**
**अवर सचिव , भारत सरकार**
**दूरभाष : 23096531**

पद के **रिक्ति के ब्योरे:**

**1. पद का विवरण :**

| | | |
|---|---|---|
| **(1) पद का नाम** | : | संयुक्त सलाहकार (औद्योगिक अर्थशास्त्र / प्रबंधन) |
| **(2) रिक्ति की संख्या** | : | 01 (एक) |
| **(3) श्रेणी** | : | समूह "क" राजपत्रित |
| **(4) वेतनमान** | : | पूर्व संशोधित 14300-18300 रू. (संशोधित पीबी:4 रूपये 37400-67000 + ग्रेड पे रूपये 8700 /- |

**2. पद से संबंधित कार्य :**

**संयुक्त सलाहकार (औद्योगिक अर्थशास्त्र/प्रबंधन)**

- पदधारी आर्थिक और औद्योगिक नीतियों एवं कार्यक्रमों के सामान्य मुद्दों तथा उद्योग प्रभाग में समन्वय कार्य के लिए उत्तरदायी होगा।
- सामान्य मुद्दों, मूल्यों, राजकोषीय एवं वित्तीय उगाही (लेवी), निर्यात, आयात एवं तुलनात्मक लाभ तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित अन्य पहलुओं को कवर करते हुए नीतियों एवं कार्यक्रमों की जांच, प्रतिपादन एवं समीक्षा करना।
- औद्योगिक अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन शुरू करना।
- सामान्य आर्थिक और औद्योगिक मुद्दों के पहलुओं को कवर करने सहित विभिन्न मंत्रालय/राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों का प्रतिपादन एवं उनकी जांच करना।
- औद्योगिक कार्यक्रमों जैसे विकास परिषदों, लाइसेन्सिंग समितियां, परियोजना अनुमोदन बोर्ड, विदेशी निवेश बोर्ड, कैपिटल गुड्स समिति, एनआरआई समिति आदि से संबंधित शीर्षस्त सरकारी एजेंसियों में भागीदारी।
- मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियां/मंत्रियों के समूह/सचिवों की समितियां आदि से संबंधित नोटों की जांच करना।
- विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों की आर्थिक विकास से संबंधित मामलों नीतियों कार्यक्रमों एवं सामान्य मुद्दों पर समन्वय बनाए रखना।
- आर्थिक विकास से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों/राज्यों/उद्योग संघों/व्यक्तियों से प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन एवं जांच करना।
- वार्षिक, पंच-वर्षीय एवं दीर्घावधिक भावी योजनाओं के प्रतिपादन में वरिष्ठ अधिकारियों/आयोग को सहायता देना साथ ही नीतियों तथा ऐसे कार्यों में सहायता करना जो उन्हें समय-समय पर दिए जाएं जैसे संसद एवं इसकी समितियां, वीआईपी संदर्भ आदि।
- उप सलाहकारों एवं प्रभाग के अन्य अनुसंधान स्टाफ का पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन करना।

-/-

**3. पात्रता :**

**प्रतिनियुक्ति के लिए (अल्पावधि अनुबंध सहित)**

नियमित आधार पर सदृश पद धारित; अथवा 12000-375-16500 रू0 के वेतनमान वाले पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा अथवा केन्द्र/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसन्धान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों के अन्तर्गत समतुल्य पद धारित अधिकारी और नीचे मद संख्या 6 के सामने यथा-निर्दिष्ट प्रत्येक पद के लिए निर्धारित अर्हता एवं अनुभव रखते हों ।

**प्रोन्नति हेतु**

योजना आयोग के उपसलाहकार जिन्होंने ग्रेड में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् पांच वर्ष की नियमित सेवा कर ली हो और नीचे मद संख्या 6 के सामने यथा-निर्दिष्ट प्रत्येक पद के लिए निर्धारित अर्हताएं और अनुभव रखते हों ।

**4. आयु सीमा :**

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु (अल्पावधि-अनुबंध सहित) अधिकतम आयु सीमा नीचे आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**5. पात्रता निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि :**

इस विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख होगी ।

**6.अर्हताएं और अनुभव :**

**संयुक्त सलाहकार(औद्योगिक अर्थशास्त्र /प्रबन्धन)**

**अनिवार्य :**

(i) विज्ञान/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/गणित/सांख्यिकी/प्रचालन अनुसंधान/कारबार प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समतुल्य से इंजीनियरिंग में उपाधि ।

(ii) बड़ी परियोजनाओं के तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन, मांग, आपूर्ति, मूल्य वृद्धि आदि को कवर करते हुए उनका तकनीकी आर्थिक विश्लेषण,इस प्रकार की परियोजनाओं की मानीटरिंग और मूल्यांकन, उनके लिए सिस्टम माडल विकसित करने सहित औद्योगिक अर्थव्यवस्था/प्रबन्धन में 12 वर्ष का अनुभव

**<u>वांछनीय :</u>**

(i) औद्योगिक अर्थशास्त्र की संगत शाखा में डाक्टर की उपाधि अथवा इंजीनियरिंग में मास्टर की उपाधि ।

(ii) अनुसंधान आयोजित करने/संगठित करने / दिशानिर्देश देने का अनुभव और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों पर अनुसंधान पत्र तैयार करना ।

(iii) औद्योगिक लायसेन्स, विदेशी निवेश और सहयोग, अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से विकसित देशों और मामलों जैसे कि अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष और व्यापार और शुल्क संबंधी सामान्य अनुबंध, आर्थिक समुदाय, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, आदि के संबंध में सिद्धान्तों और नीतियों की जानकारी ।

(iv) तकनीकी आर्थिक अध्ययन अथवा विस्तृत परियोजना रिपोर्टो का अनुभव ।

**7. <u>प्रतिनियुक्ति / अनुबंध की अवधि :</u>**

प्रतिनियुक्ति/अनुबंध की अवधि जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी अथवा अन्य संगठन /विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति अनुबंध की अवधि है,साधारणतयः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें , भारत सरकार,, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009- स्था. (वेतन II), दिनांक 17-6-2010 में निहित आदेशों के अनुसार विनियमित की जाएंगी तथा अनुबंध पर आने वालों के मामलों में, शर्तें संबद्ध प्राधिकरण के परामर्श से निर्देशों के तहत कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत तय की जाएंगी ।

इच्छुक और पात्र अधिकारी अपने आवेदन (2 प्रतियॉं) संलग्न प्रोफार्मा में उचित माध्यम द्वारा संलग्न प्रोफार्मा में , अवर सचिव (प्रशा0 I ), योजना आयोग योजना भवन , संसद मार्ग , नई दिल्ली -110001 को भेज सकते हैं । इस आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन तक होगी । **आवेदन के साथ, पिछले पाँच वर्षो की गोपनीय रिपोर्ट डोजियर/ सत्यापित प्रतिलिपियाँ , सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, सतर्कता निवासी प्रमाणपत्र और पिछले 10 वर्षो के दौरान अधिकारी पर अधिरोपित मुख्य /लघु दंडों की सूची / आवेदक के संबंद्व में बेबाकी प्रमाणपत्र (निर्धारित फार्मेट में ), भी भेजा जाए ।**

आवेदक यह सुनिश्चित करे कि उनका आवेदन **निर्धारित प्रपत्र** में सभी प्रकार से पूर्ण हो। प्रपत्र में कोइ भी स्थान रिक्त न हो ।"**लागू नहीं**" अथवा " **शून्य** " सूचना का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए । उपरिलिखित दस्तावेजों सभी दस्तावेजों सहित उचित माध्यम से निर्धारित अंतिम तिथि तक अथवा उससे पहले भेजे गए सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा । अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों अथवा **निर्धारित प्रपत्र** में नहीं होने पर अथवा अधूरे अथवा अग्रिम रूप से भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । इन रिक्तियों के ब्यौरे लिंक **<u>"Appointment/Jobs"</u>** के अंतर्गत योजना आयोग के वेबसाइट http://www.planningcommission.gov.in पर भी उपलब्ध हैं ।

*********

**प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर आवेदन करने वाले आवेदकों के आवेदन के साथ अलग से संलग्न किए जाने वाले अपेक्षित विभिन्न प्रमाणपत्रों का प्रपत्र**

**सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र**

वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की जांच करने के उपरान्त यह प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री....................................... जिन्होंने प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण आधार पर योजना आयोग में संयुक्त सलाहकार (....................................) के पद हेतु आवेदन किया है, की सत्यनिष्ठा मे कोई संदेह नही है।

(उपसचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर)
नाम व कार्यालय मोहरः
दिनांक

**सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री....................................... जिन्होंने प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण आधार पर योजना आयोग में संयुक्त सलाहकार (....................................) के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लंबित है अथवा अवेक्षित है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
नाम व कार्यालय मोहरः
दिनांकः

**दण्ड नहीं प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री....................................... जिन्होंने प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण आधार पर योजना आयोग में संयुक्त सलाहकार (....................................) के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध पिछले दस सालों के दौरान कोई लघु/मुख्य दण्ड नहीं लगाया गया है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
नाम व कार्यालय मोहरः
दिनांकः

# प्रपत्र / PROFORMA

आवेदित पद का नाम ____________________

Name of the post applied for ____________________

1. नाम और पता / Name and Address (In Block Letters)

2. जन्म तिथि / Date of birth (in Christian era)

3. केन्द्रीय / राज्य सरकार के नियमों के अन्तर्गत सेवा-निवृत्ति की तारीख / Date of retirement under Central/ State Govt. Rules

4. शैक्षिक अर्हताएं / Educational Qualifications

5. क्या निर्धारित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं प्राप्त हैं (यदि कोई अर्हता निर्धारित अर्हता के समकक्ष मानी जारही है तो उस संबंध में प्राधिकरण का नाम बताएं) / Whether Educational and other qualifications required for the post are satisfied (If any qualification has been treated as equivalent to the one prescribed in the Rules, state the authority for the same).

| निर्धारित अर्हताएं / अनुभव / Qualifications / Experience required | अधिकारी द्वारा प्राप्त अर्हताएं / अनुभव /Qualifications / Experience possessed by the officer |
|---|---|
| अनिवार्य / Essential :<br>1.<br>2.<br>3.<br>वांछनीय / Desirable:<br>1.<br>2.<br>3. | |

6. कृपया यह स्पष्ट बताएं कि ऊपर इंगित तथ्यों के आधार पर क्या आप उक्त पद के लिए निर्धारित आवश्यकताएँ पूरी करते हैं / Please State clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requirement of the post.

7. सेवा संबंधी कालक्रमानूसार विवरण. आवश्यकता होने पर, हस्ताक्षरित अलग पृष्ठ संलग्न कर पूरा ब्यौरा दें / Details of Employment, in chronological order. Enclose a separate sheet duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient.

| कार्यालय / संस्थान / Office/ Institution | धारित पद / Post held | से / From | तक /To | वेतनमान और मूल वेतन / Scale of pay and basic pay | कार्य का स्वरूप / Nature of duties (in details) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

-/-

8. वर्तमान सेवा का स्वरूप अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा स्थायीवत् अथवा स्थायी / Nature of present employment i.e. Ad-hoc or Temporary or Quasi-permanent or Permanent.

9. यदि वर्तमान सेवा प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं कि / In case the present employment is held on deputation/ contract basis, please state -

a) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि / The date of initial appointment
b) नियुक्ति और प्रतिनियुक्ति / संविदा की अवधि / Period of appointment and deputation/ contract
c) मूल कार्यालय / संगठन का नाम / Name of the parent office/ organisation to which you belong

10. वर्तमान सेवा के बारे में अतिरिक्त विवरण / Additional details about present employment

**कृपया नियोक्ता का नाम संबंधित कॉलम के सामने लिखे / Please state whether working under (indicate the name of your employer against the relevant column).**

a) Central Govt.
b) State Govt.
c) Autonomous Organisation
d) Government Undertaking
e) Universities
f) Others

11. कृपया यह बताएं कि आप उसी कार्यालय में कार्यरत हैं और क्या आप परिपूरक ग्रेड में या परिपूरक के परिपूरक ग्रेड में हैं / Please state whether you are working in the same Department and are in the feeder grade or feeder to feeder grade.

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हाँ, तो संशोधन की तिथि तथा संशोधन पूर्व वेतनमान बताएं / Are you in Revised Scale of Pay? If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale.

13. वर्तमान में प्राप्त हो रहीं कुल परिलब्धियाँ / Total emoluments per month now drawn.

14. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसके बल पर आप उक्त पद हेतु अपनी उपयुक्तता का दावा करते हैं / Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post.

-/-

15. कृपया यह बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) / आमेलन / पुनर्नियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं (केवल केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकारी ही आमेलन के लिए पात्र होंगे. गैर-सरकारी संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थी केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र होंगे) / Please state whether you are applying for deputation (including short-term contract) / Absorption/ Re-employment basis. (Officers under Central/ State Governments are only eligible for "Absorption". Candidates of non-Government Organisations are eligible only for Short-Term Contract).

16. क्या अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के हैं /Whether belongs to SC/ ST.

17. अभ्युक्तियाँ (अभ्यर्थी (त)अनुसंधान प्रकाशनों और प्रतिवेदनों और विशेष परियोजनाओं; (त्त) पुरस्कारों / छात्रवृत्तियों /सरकारी प्रोत्साहनों (त्त्त) व्यावसायिक संस्थानों / संगठनों / समितियों से संबद्धता इत्यादि के बारे में विवरण दे सकते हैं) (टिप्पणी : यदि आवश्यकता हो तो अलग पृष्ठ संलग्न करें) Remarks [The candidates may indicate information with regard to (i) Research publications and reports and special projects (ii) Awards/ Scholarship/ Official Appreciation (iii) Affiliation with the professional bodies/ institutions/ societies and (iv) any other information.] (Note : Enclose a separate sheet if the space is insufficient)

मैंने रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन ध्यान पूर्वक पढ़ा है और मैं पूर्ण रूप से जानता हूँ कि मेरे आत्मवृत्त के समर्थन में मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों का, चयन करते समय, चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा / I have carefully gone through the vacancy circular/ advertisement and I am well aware that the Curriculum Vitae duly supported by documents submitted by me will also be assessed by the Selection Committee at the time of selection for the post.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :
पता :
Signature of the candidate:
Address:

दिनांक :
त्इद्धः

प्रतिहस्ताक्षरित :
(नियोक्ता का नाम व कार्यालय मोहर)
Counter signed:
(Employer with Seal)

***